भी उच्च सक्षम अधिकारी को इसकी तुरन्त सूचना दी जानी चाहिए ; और

(ग) यदि हां, तो क्या निदेशक तथा अन्य व्यक्तियों ने उक्त आचार नियमों का पालन किया था और यदि नहीं, तो सरकार ने उन के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा तथा स्वास्थ्य और समाज कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के भूतपूर्व निदेशक और प्रोफेसरों के विरुद्ध कोई फौजदारी मुकदमा नहीं चल रहा है, अत जमानत का कोई प्रश्न नहीं उठता ।

(ख) जी, हां ।

(ग) जी, हां । आचार नियमों का पालन किया गया है ।

आई० आई० टी०, कानपुर में कथित वित्तीय अनियमिततायें

6711 **श्री डूंगर सिंह** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या आई० आई० टी०, कानपुर में वित्तीय अनियमिततायें होने का आरोप है और वहां खर्च से संबंधित किसी भी वित्तीय नियम का पालन नहीं किया जा रहा है ;

(ख) क्या जनवरी, 1979 में एक प्रकाशक को पत्रिकाओं के लिए 6 7 लाख रुपये की अग्रिम अदायगी की गई थी ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले में प्रारंभिक जांच की है, और यदि हां, तो उसके क्या निष्कर्ष निकले ; और

(घ) क्या सरकार का विचार इन अनियमितताओं के बारे में पूरी जांच कराने का है ?

शिक्षा तथा स्वास्थ्य और समाज कल्या मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) आई० आई० टी०, कानपुर में वित्तीय नियमों का पालन किया जाता है । तथापि, वहां वित्तीय अनियमितताओं के कुछेक मामले हुए है ।

(ख) जी हा ।

(ग) जी हा । जाच रिपोर्ट आवश्यक कार्रवाई के लिए शासी मडल को भेज दी गई है ।

(घ) इस समय उसे आवश्यक नहीं समझा गया है ।

Treasures of Nizam of Hyderabad

6713. SHRI CHINTAMANI JENA: Will the Minister of EDUCATION be pleaesd to state:

(a) whether Government are in a position to give details regarding the treasures of Nizam Hyderabad;

(b) whether Government are aware that there is a public demand to preserve some of the heirlooms of the late Nizam of Hyderabad as antique jewel pieces;

(c) the jewellery pieces which have so far been auctioned; and

(d) whether these auctioned jewellery pieces were taken by Indians or foreigners?

THE MINISTER OF EDUCATION AND HEALTH AND SOCIAL WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) and (d) The auction has not taken place so far.